**15 August 2021**




**HAR GHAR TIRANGA**



**Lecture on Human Rights And Gender Issue**




**International Women S Day**



## International Yoga Day




## Morning Assembly



**National Voters Awareness Day**




**National Youth Day Celebration**



## Orientation Program




## Plantation



**Menstrual Awareness Drive**





**Activities held during Lockdown in online Sessions**

Slogan Writing & Poster Making Competition













Craft Work








Keep fast on the
right path
success is
waiting
for
U.




Mask Making





**Women International Day Celebration in Colloboration with Yes Foundations**



**Press Releases**

# 'छात्राएं सीखें जूडो-कराटे'



5 Feb 2018

**बोरा इंस्टि्टयूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में महिलाओं की सुरक्षा को लेकर हुआ सेमिनार।**

■ **एनबीटी, लखनऊ :** सीतापुर रोड स्थित बोरा इंस्टि्टयूट ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज के सामुदायिक हॉल में सोमवार को महिलाओं की सुरक्षा को लेकर एक सेमिनार का आयोजन हुआ। यहां बतौर मुख्य अतिथि मौजूद डॉ. पूजा सिकेरा ने मौजूद विद्यार्थियों व शिक्षिकाओं को महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को आत्म सुरक्षा एवं किसी भी परिस्थिति से डटकर मुकाबला करने को तैयार रहना चाहिए। साथ ही लड़कियों को जूडो-कराटे का प्रशिक्षण लेना चाहिए। मौके पर मौजूद सभी लड़कियों को जुर्म के खिलाफ लड़ने व स्वयं को आत्मनिर्भर बनाने की शपथ दिलाई। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. पंकज कुमार, उप प्राचार्य डॉ. जया सिंह, डॉ. संजय कुमार एवं सभी शिक्षकगण उपस्थित रहे।





**छात्रों ने वाद-विवाद प्रतियोगिता में लिया भाग**

सीतापुर रोड पर स्थित बोरा इंस्टीटयूट ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेस के शिक्षा संकाय द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर बी.एड. तथा बी.एल.एड.के छात्रों ने राष्ट्रीय एकता के लिए शपथ लिया तथा वाद-विवाद प्रतियोगिता में भाग लिया। कार्यक्रम को शिक्षा संकाय के विभागाध्यक्ष एस. एन. सिंह ने भी सम्बोधित किया। इस अवसर पर विभाग के समस्त शिक्षक उपस्थित रहे।

है कि वह 100 प्रतिशत दृष्टिबाधित ...

## माता-पिता, गुरु और विद्यालय का करें सम्मान



लखनऊ। हमें अपने माता-पिता, गुरु और विद्यालय का हमेशा सम्मान करना चाहिए। लविवि कुलपति प्रो. एसपी सिंह ने सोमवार को बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजेंट साइंसेज में ये विचार व्यक्त किये। वे कॉलेज में बीए और बीएलएड के नए सत्र को संबोधित कर रहे थे। कुलपति के साथ ही बीएएड कोर्स समन्वयक प्रो. दिनेश कुमार और विधानसभा सदस्य डॉ. नीरज बोरा भी उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्रबंधक पंकज बोरा ने सभी को धन्यवाद दिया। ब्यूरो

## बीबीएयू में प्रवेश काउंसलिंग शुरू

लखनऊ। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर केंद्रीय विश्वविद्यालय (बीबीएयू) में नए सत्र 2018-19 के लिए यूजी-पीजी प्रवेश काउंसलिंग शुरू हो गई। सोमवार को बीए पब्लिक एड में प्रवेश की काउंसलिंग हुई। कुछ अन्य

## आरटीई में प्र... आठ स्कूलों

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। शिक्षा का अधिकार (आरटीई) के अंतर्गत बच्चों को दाखिला

इस दौरान कॉलेज की ओर से एनएसएस के कार्यक्रम अधिकारी सच्चिदानंद सिंह और रश्मि पांडे ने बच्चों को स्वच्छता व स्वच्छ वातावरण को लेकर जागरूक किया।




गौरतलब है कि वर्तमान में बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंस के एनएसएस स्वयंसेवकों का सात दिवसीय कैंप अहलादपुर प्राथमिक विद्यालय में चलाया जा रहा है।

05 Feb. 2018 (RASHTRIYA SAHARA)

# महिलाओं को आत्म सुरक्षा के लिए मुकाबला करना होगा: डा. सिकेरा

लखनऊ (एसएनबी)। महिलाओं को आत्म सुरक्षा व किसी भी परिस्थिति से डटकर मुकाबला करने लिए हमेशा तैयार रहना होगा, जिससे वह अपनी मदद स्वयं कर सकें।

यह बात सोमवार को डा. पूजा सिकेरा ने सीतापुर रोड स्थित बोरा इंस्टीट्यूट स्थित सामुदायिक हाल में एक कार्यक्रम में कही। डा. पूजा ने 1090 की कार्यप्रणाली व महिलाओं के लिए उसकी उपयोगिता बताते हुए कहा कि महिलाओं को सम्वैधानिक कानूनों की जानकारी भी होनी चाहिए, जिससे वह कम से कम अपनी मदद के लिए दूसरों से सामने जाना न पड़े। इस मौके पर उन्होंने कहा कि लड़कियों को अपने पास पेपर स्प्रे अवश्य रखना चाहिए। इसके अलावा जूडो कराटे जैसे आत्मरक्षा करने वाले प्रशिक्षण से प्रशिक्षित भी होने की जरूरत है।

डा. सिकेरा ने इस मौके पर महाविद्यालय की लड़कियों को जुर्म के खिलाफ खुलकर लड़ने व आत्मनिर्भर बनाने की शपथ दिलाई। इस मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य डा. पंकज कुमार, डा. जया सिंह, डा. संजय कुमार सहित छात्राएं मौजूद थीं।

# बोरा इन्स्टीटयूट आफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन हुआ

(सत्ता की शान)

लखनऊ 21 जून. बोरा इन्स्टीटयूट आफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज, सीतापुर रोड में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम के अन्तर्गत सांतवें दिन 21 जून 2022 दिन मंगलवार को योगासन सत्र आयोजित हुआ। तत्पश्चात् पी पी टी के माध्यम से भारतीय संस्कृति में योग विषय पर प्रस्तुति दी गयी। योग पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति बी एड चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं द्वारा की गयी। संस्थान के प्राचार्य डॉ जी सी पाठक, रजिस्ट्रार चेतन मिश्रा, विभागाध्यक्ष सच्चिदानन्द सिंह द्वारा साप्ताहिक कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता की विजेताओं को प्रमाण-पत्र भी वितरित किये गये। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य, रजिस्ट्रार, समस्त विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।








संस्थान के प्राचार्य डॉ. जीसी पाठक, रजिस्ट्रार चेतन मिश्रा, विभागाध्यक्ष सच्चिदानंद सिंह ने साप्ताहिक कार्यक्रम में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिता के विजेताओं को प्रमाण-पत्र भी वितरित किये। इस अवसर पर संस्थान के प्राचार्य, रजिस्ट्रार, समस्त विभागाध्यक्ष, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं सम्मिलित हुए।

बुधवार , 23 अगस्त 2017

हिन्दुस्तान 23

+ online evidence.

बोरा इंस्टीट्यूट व यह एक सोच फाउंडेशन की ओर से 'माई लाइफ मेरे फैसले' विषय पर कार्यशाला का आयोजन

# बाल विवाह की कुरीति के खात्मे के लिए युवाओं को आगे आना होगा

**कार्यशाला**

लखनऊ | हिन्दुस्तान संवाद

बोरा इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट साइंस व यह एक सोच फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में सीतापुर रोड स्थित संस्थान के सभागार में मंगलवार को बाल विवाह पर आधारित 'माई लाइफ मेरे फैसले' विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है। केवल कानून बनाने से यह कुरीति खत्म नहीं होने वाली है। इसका निदान सामाजिक जागरूकता से ही सम्भव है। युवा इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। अगर इस कुप्रथा को जड़ से खत्म करना है तो इसके लिए समाज को ही आगे आना होगा।

कार्यशाला का शुभारंभ बोरा इंस्टीट्यूट की महानिदेशक सलोनी बोरा व प्रधानाचार्या जया सिंह ने किया। महानिदेशक सलोनी बोरा ने कहा कि आश्चर्य की बात तो यह है कि आज के पढ़े लिखे समाज में भी यह प्रथा अपना स्थान बनाए हुए है। जो बच्चे अभी खुद को भी अच्छे से नहीं समझते, जिन्हें जिन्दगी की कड़वी सच्चाईयों का कोई ज्ञान नहीं, जिनकी उम्र अभी पढ़ने लिखने की होती है उन्हें बाल विवाह में बांधकर उनका जीवन बर्बाद कर दिया जाता है। उन्होंने कहा कि इस कुप्रथा को रोकने के लिए युवाओ को आगे आना चाहिए।

एसबीए मैनेजमेंट के अध्यक्ष अनुराग श्रीवास्तव ने युवाओं को सम्बोधित करते हुए कहा कि हम अपनी शिक्षा तभी पूरी कर सकते है जब हम अपने आस पास की सामाजिक कुरीतियों का दूर कर पाएं। यह एक सोच फॉउण्डेशन की कार्यक्रम समन्वयक स्वाति सिंह ने कहा कि माई लाइफ मेरे फैसले कार्यक्रम युवाओं को एक ऐसा मंच प्रदान कर रहा है जहां वो एक साथ मिलकर सामाजिक कुरीतियो जैसे बाल विवाह, पित्रसत्ता, लिंग आधारित भेदभाव और हिंसा के बारे मे सोच सकें और उसके खिलाफ प्रतिभाग कर सके। कार्यशाला में इंस्टिट्यूट के देवेश श्रीवास्तव, फाउंडेशन शारिक अहमद खान व मधुलिका मिश्रा समेत इंस्टिट्यूट के छात्र छात्राएं मौजूद रहे।

## 2030 तक 95 करोड़ हो जाएगी बाल विवाह की संख्या

कार्यशाला में यूनिसेफ की एक रिपोर्ट के अनुसार देश में 47 फीसदी बालिकाओं की शादी 18 वर्ष से कम उम्र में कर दी जाती है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि 22 फीसदी बालिकाएं 18 वर्ष से पहले ही मां बन जाती है। बाल-विवाह के सर्वाधिक मामलों वाले राज्य क्रमशः उत्तर प्रदेश, राजस्थान, बिहार, महाराष्ट्र, पश्चिम बंगाल, मध्य प्रदेश और गुजरात है। लड़कियों की तुलना में लड़के बाल विवाह के ज्यादा शिकार हो रहे हैं। बाल विवाह के भुक्तभोगियों में 57 फीसदी पुरुष और 43 फीसदी महिलाएं है। संयुक्त राष्ट्र ने भी माना है कि आज पूरे दुनिया में लगाम नहीं कसी गई तो मौजूदा 70 करोड़ बाल विवाह के मामलों की संख्या 2030 तक बढ़कर 95 करोड़ हो जाएगी।

# राज्यपाल व सीएम योगी आदित्यनाथ ने ली गणतंत्र दिवस परेड की सलामी

## लेफ्टिनेंट कर्नल राकयांश यदुवंशी परेड कमांडर ने किया परेड का नेतृत्व









डेली न्यूज नेटवर्क
लखनऊ।

गणतंत्र दिवस परेड को ... के लिए शनिवार को ... से लेकर ... (परिवर्तन चौक) तक सड़क के दोनों ओर रंग-बिरंगे परिधानों में बच्चे, बूढ़े और जवानों का उत्साह दिखाई दिया। ... 70वां गणतंत्र दिवस विधान भवन के सामने ... कार्यक्रमों के बीच धूमधाम से मनाया गया। ... गणतंत्र दिवस का कार्यक्रम देखने के लिए लोगों में उत्साह देखते ही बना। विधान भवन के सामने राज्यपाल राम नाईक के साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने परेड की सलामी ली। इससे पहले राज्यपाल ने राजभवन तथा सीएम योगी आदित्यनाथ ने अपने सरकारी आवास पर ध्वजारोहण किया।

विधान भवन के सामने 16 ... रेजिमेंट के लेफ्टिनेंट कर्नल राकयांश यदुवंशी परेड कमांडर ने राज्यपाल राम नाईक को सलामी दी। इस अवसर पर राज्यपाल राम नाईक ने ... गणतंत्र दिवस पर देश के नागरिकों को बधाई। ...

...

### झांकियों में दिखे विभिन्न रूप

...

### यहां भी धूमधाम से मनाया गया गणतंत्र दिवस

...

## मुलायम अखिलेश ने किया ध्वजारोहण

लखनऊ। समाजवादी पार्टी की ओर से 70वां गणतंत्र दिवस समारोहपूर्वक समाजवादी पार्टी मुख्यालय तथा जनेश्वर मिश्र पार्क गोमतीनगर लखनऊ में मनाया गया। पूर्व रक्षामंत्री मुलायम सिंह यादव ने पार्टी मुख्यालय में ध्वजारोहण किया। राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने जनेश्वर मिश्र पार्क स्थित प्रदेश के सबसे बड़े राष्ट्र ध्वज को सलामी दी।

... मनमोहक प्रस्तुति से सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया।

संस्थापक शिक्षाविद व प्रधानाचार्य ... ने विजयी प्रतिभागियों ...

... रंगों से सराबोर शिक्षात्मक-आध्यात्मिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति से सबका मन मोह लिया। स्कूल प्रार्थना से कार्यक्रम की शुरुआत करके छात्रों ने देशभक्ति पर एक ...

### सीएमएस में विश्व एकता सत्संग

...

### झंडारोहण कर आयोजित हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम

...

### सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली टुकड़ियों को किया जाएगा सम्मानित

...

... प्रदर्शित किया जाएगा। डीएम ने बताया कि बेस्ट मार्चिंग कंटीजेंट आर्मी प्रथम पुरस्कार 17 मराठा लाइट इन्फेंट्री रेजिमेंट पुरुष टुकड़ी, द्वितीय पुरस्कार 16 ... रेजीमेंट पुरुष टुकड़ी, बेस्ट मार्चिंग कंटीजेंट पैरा मिलिट्री में प्रथम पुरस्कार सशस्त्र सीमा बल और द्वितीय पुरस्कार केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल को मिला है।

### बेस्ट स्कूल परेड स्कूल व एनसीसी बालिका

प्रथम पुरस्कार एनसीसी लखनऊ ग्रुप, द्वितीय पुरस्कार यूपी सैनिक स्कूल, तृतीय पुरस्कार संयुक्त रूप से सेंट जोसेफ मांटेसरी स्कूल ... राजाजीपुरम एवं सिटी मान्टेसरी स्कूल गोमतीनगर प्रथम कैम्पस, बेस्ट बैंड आर्मी, पैरा, पुलिस, पीएसी एवं होमगार्ड प्रथम पुरस्कार यूपी होमगार्ड, बेस्ट बैंड स्कूल में प्रथम पुरस्कार यूपी सैनिक स्कूल, द्वितीय पुरस्कार सिटी मांटेसरी स्कूल कानपुर रोड कैम्प, तृतीय पुरस्कार सिटी मांटेसरी स्कूल गोमती नगर प्रथम प्रथम कैम्पस को मिला है।

### नौनिहालों ने गर्मजोशी से तिरंगे को दी सलामी

लखनऊ। गणतंत्र दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को शहर के स्कूलों और शिक्षण संस्थानों में छात्र-छात्राओं ने गर्मजोशी के साथ तिरंगा फहराया। सभी स्कूल और कालेजों में ध्वजारोहण कर राष्ट्रगान के साथ तिरंगे को सलामी दी गई। स्कूलों में रंग-बिरंगे कपड़ों में सजे बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। ...

हर समय आपदा में तत्पर रहने वाली 11 वीं वाहिनी ...

...

राष्ट्रीय
सहारा
राष्ट्रीयता ■ कर्तव्य ■ समर्पण

# न्याय के लिए संघर्ष करते रहे पटेल

**लखनऊ (एसएनबी)।** उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय इलाहाबाद के क्षेत्रीय कार्यालय कमला नेहरूनगर रिंग रोड विकासनगर में बुधवार को सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिवस को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन विद्यान्त हिंदू पीजी कालेज के संस्कृत विभागाध्यक्ष डॉ. विजय कुमार कर्ण व क्षेत्रीय केंद्र समन्वयक डॉ. निरांजलि सिन्हा ने दीप जलाकर किया। इस मौके पर डा. निरांजलि सिन्हा ने कहा कि लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल जी हमेशा न्याय के लिए संघर्ष करते रहे है। सीतापुर रोड पर स्थित बोरा इंस्टीटयूट ऑफ़ मैनेजमेंट साइंसेस के शिक्षा संकाय द्वारा सरदार बल्लभ भाई पटेल की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनायी गयी। नेताजी सुभाष चंद्र बोस राजकीय महिला पीजी कॉलेज में पटेल जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। इस दौरान विधायक डॉ नीरज बोरा, अपर महानिदेशक अरिमर्दन सिंह, प्राचार्य डॉ अनराधा तिवारी, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी डॉ विशाखा कमल, डॉ जय प्रकाश, डॉ रश्मि विश्नोई, विधायक सुरेश श्रीवास्तव, बृजबाला मिश्र, उषा मिश्र, शालिनी श्रीवास्तव, विनीता लाल, शरद वैश्य, पुष्पा यादव व मीनाक्षी शुक्ल मौजूद थीं। वहीं कृति पब्लिक स्कूल भगवानपुर में बच्चों को लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर उनके जीवन एवं देश की आजादी में उनके अतुलनीय योगदान की जानकारी दी गई।



# बोरा इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट साइंसेज : योगासन संग नृत्य की प्रस्तुति ने किया मंत्रमुग्ध

VOC June 21, 2022






**लखनऊ।** सीतापुर रोड स्थित बोरा इन्स्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेन्ट साइन्सेज में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर आयोजित साप्ताहिक कार्यक्रम के अन्तर्गत सांतवें दिन मंगलवार को योगासन सत्र आयोजित हुआ। तत्पश्चात् पीपीटी के माध्यम से भारतीय संस्कृति में योग विषय पर प्रस्तुति दी गयी। बीएड चतुर्थ सेमेस्टर की छात्राओं ने योग पर आधारित नृत्य की प्रस्तुति दी।